### एक नजर में

## ट्रेन से टकराने से बुजुर्ग महिला की मौत

**रतलाम।** शहर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 84 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 8 बजे सुभाष नगर के पीछे ब्रिज के पास रेलवे पटरी पर हुई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दीनदयाल नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान बतुल पति मेहबूब टोटर 84 वर्षीय निवासी राजेन्द्र नगर, के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वृद्ध बतुल की मृत्यु ट्रेन से टकराने पर आई गंभीर चोटों के कारण हुई है। घटना की सूचना मोहम्मद सोहेल 23 वर्षीय पिता मोहम्मद रफीक टोटर, निवासी राजेन्द्र नगर द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## गर्मी के मौसम में आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय सुबह 8 से 11 :30 निर्धारित

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के आदेशानुसार ग्रीष्म ऋतु की गर्मी को देखते हुए एवं आंगनवाडी केन्द्र पर आने वाले छोटे बच्चो के स्वास्थ्य एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्म काल (अप्रैल से जून 2026) में आंगनवाडी केन्द्र संचालन का समय बच्चो हेतु प्रातः 8 बजे से प्रातः 11:30 बजे तक का निर्धारित किया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बोरी बंधान से रोका गया बहता पानी



**रतलाम।** जल गंगा संवर्धन अभियान अतंर्गत जिले के ग्राम भाटी बड़ोदिया में जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की गई। अभियान' के तहत ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास करते हुए बहते पानी को रोकने का कार्य किया। लगभग 35 लोगों के सहयोग से 100 बोरियों में रेत भरकर अस्थायी बोरी बंधान (चेकडैम) बनाया गया, जिससे बहते हुए पानी को रोका जा सका। इस प्रयास से न केवल जल संचयन हुआ, बल्कि क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ाने में भी मदद मिली।

## एमपी ई-सेवा पोर्टल से नागरिकों को मिल रही 500 सेवाओं की सुविधा

**रतलाम।** जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी जिला प्रबंधक नरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न विभागीय पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जा रही सेवाओं को एकीकृत करते हुए मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एकल पोर्टल एवं मोबाइल ऐप एमपी ई सेवा विकसित किया गया है। पोर्टल पर वर्तमान में कुल 500 सेवाएँ लाइव की जा चुकी है एवं शेष सेवाओं को इस प्लेटफॉर्म से जोड़े जाने का कार्य प्रगति पर है। 'एम.पी. ई-सेवा' पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से नागरिक समग्र प्रोफाइल के आधार पर शासकीय योजनाओं की पात्रता की जाँच, जिससे नागरिक उपयुक्त शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकते हैं, रियल टाइम आवेदन ट्रैकिंग एवं स्थिति ज्ञात किए जाने की सुविधा, डिजिटल प्रमाणपत्र डाउनलोड की सुविधा, इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे सुविधा, सिंगल साइन-ऑन (एसएसओ) सुविधा, उपरोक्तानुसार सेवाओं का लाभ 'एम.पी. ई-सेवा' पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## आपके घर में व्यर्थ पड़ी दवाईयां असहाय, असक्त रोगी को जीवन दान दे सकती हैं

**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जावरा के सक्रिय सहयोग एवं जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम द्वारा संचालित दवाई संग्रहण बैंक ( महंगी दवाइयों को डस्टबिन ना दिखायें) प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयासों से जावरा के मातृ शिशु इकाई शासकीय अस्पताल में 22832 मूल्य की दवाई भेंट की। भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ए. जी. पठान ने संस्था की इस पहल की सराहना की और इसे जरुरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी सेवा प्रकोष्ठ बताया। ऐसे प्रकोष्ठ को निरंतर आगे बढ़ाना हमारा संकल्प होना चाहिए। डॉ. प्रकाश परमार, डॉ. नीलू कौशिक, डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. दुष्यंत भदोरिया, श्री श्याम लाल चौधरी ,जावरा उप कार्यालय प्रभारी ठा युवराज सिंह राणावत , आरोग्य प्रकोष्ठ प्रभारी रमेश धाकड़, संस्था संस्थापक डॉ श्वेता विंचुरकर, संस्था अध्यक्ष श्रीमती आभा शर्मा, संस्था संरक्षक पं राजेन्द्र कुमार जोशी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था सचिव पं विजय हेमकांत शर्मा द्वारा दी गई।

## नवपद ओलीजी के प्रथम दिन 185 तप आराधकों ने की तपस्या-

**जावरा।** जैन मंदिर में विराजित पू'य महासती चारित्रकला श्रीजी महाराज के सानिध्य में जैन पंचायती नोहरा में नवपद ओलीजी के प्रथम दिवस 185 आत्माओं ने तप आराधना की, श्री राजेंद्र श्वेतांबर पैड़ी ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस तप आराधना का लाभ गुप्त परिवार ने लिया। प्रश्न मंच का संचालन सुभाष टुकडिया ने किया। विजेता मीनाक्षी पगारिया, प्रेरणा चपडोद को पुरस्कार प्रकाश काठेड़, सुरेंद्र पोखरना व समाज र% मोतीलाल चपरडोद ने भेंट किया। आज के सेवा कार्य को राजेंद्र ऋषभ महिला मंडल अध्यक्ष अंजू मेहता, सचिव सपना मेहता एवं मनमोहन पार्श्वनाथ सामायिक मंडल अध्यक्ष रेखा बरमेचा एवं सचिव मंजू दसेडा ने अपने साथियों के साथ संपन्न किया। उनकी उत्कृष्ट सेवा का बहुमान पुष्पा चपडोद, स्नेह लता भटेवरा ने किया। इस अवसर पर निलेश दसेडा, औनिश पगारिया, सावन सेठिया, अनिल ओस्तवाल, पुखराज चत्तर, विमल चपडोद, साधना कोचट्टा, ललिता नांदेचा, पानकुंवर टुकडिया, श्रद्धा छाजेड़, प्रमिला चपडोद, ललिता श्रीश्रीमाल, सुनीता मेहता, रंजना झामर, साधना मेहता, पुष्पा चपरडोद उपस्थित थे। संचालन सुभाष टुकडिया एवं आभार औलीजी संयोजक अशोक झामर ने माना।

# तालाब के बीच मिला शव, नाव से किया रेस्क्यू

**पुलिस ने शव निकाल शुरू की जांच**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर से सटे ग्राम मथुरी के तालाब में गुरुवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार शाम करीब 6 बजे तालाब के पास से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर पानी में औंधे मुंह पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और माणकचौक थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। बताया जा रहा है कि यह तालाब करमदी ग्राम पंचायत क्षेत्र में, करमदी रोड स्थित जैन मंदिर के पीछे स्थित है।



शव तालाब के बीच हिस्से में होने के कारण उसे बाहर निकालने में दिक्कतें आ रही हैं। पुलिस द्वारा नाव की व्यवस्था कर शव को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

साथ ही आसपास के थानों में गुमशुदगी के मामलों की जानकारी भी खंगाली जा रही है, ताकि मृतक की पहचान हो सके। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**कपड़े और टोपी से पहचान करने की कोशिश**

प्राथमिक जानकारी के अनुसार शव किसी अधेड़ उम्र के व्यक्ति का प्रतीत हो रहा है। मृतक ने शरीर पर टी-शर्ट और हाफ पैंट पहन रखी है तथा सिर पर टोपी भी है। शव काफी समय पुराना लग रहा है और पूरी तरह से सड़ चुका है, जिससे उसकी पहचान करना फिलहाल मुश्किल हो रहा है।

# गोठड़ा माताजी की भविष्यवाणी आज, वर्षभर का बताएंगे हाल

नवभारत न्यूज

**जावरा।** ग्राम गोठड़ा में श्री महिषासुर मर्दिनी गोठड़ा वाली माताजी की बहुप्रतीक्षित भविष्यवाणी आज दोपहर 2 बजे की जाएगी । भविष्यवाणी में वर्ष भर के राजनीतिक, कृषि संबंधित, फसलों के भाव एवं कौन सी फसल की पैदावार एवं मौसम की जानकारियां हजारों लोग सुनेंगे।

राजनीतिक दलों के नेताओं का भी जमवाड़ा लगेगा। यहां ग्राम गोठड़ा मंदिर के आचार्य पंडित कपिल पौराणिक ने बताया कि ग्राम गोठड़ा पंचायत समिति के तत्वाधान में 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हुई थी। घट स्थापना एवं ज्वारारोपण एवं संगीतमय आरती के आयोजन प्रतिदिन हुए। 21 मार्च से हिमाद्री



स्नान पंचांग कर्म एवं देवी महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसकी पूर्णाहुति हुई। हवन,यज्ञ में जजमानों ने आहुति दी। गुरुवार को भजन संध्या हुई। आज नदी तट स्थित कुंड में जवारे विसर्जन किए जाएंगे। मंदिर से चल समारोह निकलेगा इसके बाद माता जी के पंडा नागुलाल वर्ष भर में होने वाली भविष्यवाणी करेंगे। चैत्र सुदी नवरात्रि शुरू होने से पहले ही श्रद्धालु ग्राम गोठड़ा आने लगते हैं। गांव में मेला लगा है। घर घर मेहमानों ने दस्तक दी है।



## सप्तमी पर निकली भव्य चुनरी यात्रा, हजारों श्रद्धालु शामिल

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** चैत्र नवरात्रि की सप्तमी पर श्री गढ़खंखाई माता चुनरी यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ श्री पद्मावती मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद महल वाला गेट से भव्य यात्रा निकली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों द्धके बीच श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान चुनरी यात्रा आयोजन समिति के संयोजक जनक नागल श्रीमती सुमन नागल , अध्यक्ष धर्मेन्द्र रांका पार्षद, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा , प्रवीण सोनी, मुन्ना लाल शर्मा, नरेंद्र सिंह चौहान, मदन सोनी अजय यार्दे, आदि ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# बड़बड़ हनुमान मेले के लिए बैठक, 31 को निकलेगी झांकी

**पहलवान शस्त्र कला का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें बैण्ड-बाजे और ढोल रहेगा आकर्षक**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** नगर निगम महापौर कक्ष में आज बड़बड़ हनुमान मेले के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर प्रहलाद पटेल ने की, जिसमें मेले की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी सभी पार्षदों के साथ साझा की गई।

महापौर पटेल ने कहा कि बड़बड़ हनुमान मेला शहर की आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने एवं मेले को भव्य बनाने हेतु



सक्रिय प्रयास करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष नगर निगम परिषद द्वारा मेले में नवाचार किया जा रहा है। इसके तहत 31 मार्च (मंगलवार) को राम मंदिर से बरबड़ हनुमान मंदिर तक हनुमानजी की भव्य झांकी, चल समारोह एवं संयुक्त अखाड़ा निकाला जाएगा। इस आयोजन में शहर के विभिन्न अखाड़ों के पहलवान एक ही बैनर के अंतर्गत शस्त्र कला का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें बैण्ड-बाजे एवं ढोल की आकर्षक प्रस्तुति भी शामिल रहेगी।

महापौर पटेल ने कहा कि इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए नगर के विभिन्न समाजों से अधिकाधिक सहभागिता अपेक्षित है। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने भी झांकी, चल समारोह, संयुक्त अखाड़ा एवं दो दिवसीय चंटिया रास कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बैठक में यह भी बताया गया कि मेले के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट सहभागिता के लिए पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र व्यास, भगत सिंह भदोरिया, अक्षय संघवी, राजू सोनी सहित अनेक पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा पार्षद रणजीत टांक, धर्मेंद्र रांका, बलराम भट्ट, परमानंद योगी, योगेश पापटवाल, देव श्री पुरोहित, प्रीति कसेरा तथा पार्षद प्रतिनिधि रमेशचंद्र पांचाल, शेरु पठान और राजेंद्र चौहान भी मौजूद थे।

# 2 .22 लाख की बचत के साथ सैलाना नगर परिषद का बजट पारित, विकास कार्यों को हरी झंडी



नवभारत न्यूज

**सैलाना।** नगर परिषद का विशेष सम्मेलन गुरुवार को नगर परिषद के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता चैतन्य शुक्ला अध्यक्ष नगर परिषद द्वारा की गई। सम्मेलन में कुल 07 प्रस्ताव मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा प्रस्तुत किये गये।

प्रस्तुत प्रकरणों में परिषद द्वारा 6 पेंशन प्रकरण, 1 राष्ट्रीय परिवार सहायता प्रकरण को स्वीकृत किया गया। नगर परिषद द्वारा जारी निविदा में वार्ड क्रमांक 9 में विक्टोरिया तालाब पर पाथवे एवं सौदर्यीकरण निर्माण एवं वार्ड क्र. 9 में ही शमशान घाट से आदिवासी कन्या परिसर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट सामान्य प्रशासन, राजस्व, वित्त एवं लेखा विभाग के सभापति मंगलेश कसेरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। बजट में कुल आय 36 करोड़ 55 लाख 45 हजार पांच सौ तिरेसठ, व्यय 36 करोड़ 33 लाख 80 हजार का अनुमान लगाया गया है। प्रस्तुत बजट में 19 लाख 43 हजार 528 संचित निधि में जमा कराये जाने हेतु प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कुल 2 लाख 22 हजार पैंतीस रूपये की बचत का बजट परिषद द्वारा सर्व सम्मत्ति से स्वीकृत किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तुत बजट में करों में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है साथ नगर के प्रत्येक वार्ड के समग्र विकास हेतु पर्याप्त प्रावधान किये गये है। प्रस्तुत बजट में 11 प्रतिशत आय निकाय द्वारा प्राप्त करों से एवं 89 प्रतिषत राशि शासन से अनुदान प्राप्त होना संभावित है। सम्मेलन में वर्ष 2025-26 के पुर्नविनियोग बजट की स्वीकृति प्रदान की गई। नामांतरण के कुल 33 प्रकरण सर्व सम्मत्ति से स्वीकृत किये गये। परिषद द्वारा वार्ड क्र. 09 एवं 10 में कन्या उ.मा.वि. सैलाना से कालिका माता मंदिर होते हुये शास. बालक उ.मा.वि. सैलाना तक रोड़ के दोनो साइड पेवर ब्लॉक एवं विद्युत सज्जा कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। सम्मेलन में उपाध्यक्ष सुनीता पाठक पार्षदगण मीरा पाटीदार, कुलदीप कुमावत, जगदीश पाटीदार, मुकेश पाटीदार, राधा काग,चन्दा पारगी, कृष्णा चंदेल, पुष्पा राठौर, आशा कसेरा, विशाल धबाई, लेखापाल भीमसेन लहरी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में 65 उपार्जन केन्द्रों पर 1 अप्रैल से होगा गेहूं उपार्जन

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विपणन वर्ष, 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। जिले में 65 पात्र संस्थाओं के समिति मण्डी/उप मंडी एवं गोदामो पर गेहूं उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। तहसील आलोट में 17 उपार्जन केन्द्र जिसमें सेवा सहकारी संस्था पिपल्या सिसोदिया केंद्र क्र 1, सेवा सहकारी संस्था पिपल्या सिसोदिया केंद्र क्र 2, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बर्डियाराठौर केंद्र क्र 1, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बर्डियाराठौर केंद्र क्र 2, दी आलोट विपणन सहकारी संस्था मर्या. आलोट केंद्र क्र 1, दी आलोट विपणन सहकारी संस्था मर्या. आलोट केंद्र क्र 2, प्राथमिक सहकारी समिति विक्रमगढ़, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. तालोद, प्राथमिक कृषि साख समिति शेरपुरखुर्द केंद्र क्र 1, प्राथमिक कृषि साख समिति शेरपुरखुर्द केंद्र क्र 2, सेवा सहकारी संस्था पाटन केंद्र क्र 1, सेवा सहकारी संस्था पाटन केंद्र क्र 2, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था खजुरी देवड़ा आलोट मंडी आदि ।




## आलोट में पेट्रोल पम्प संचालकों की बैठक

नवभारत न्यूज

**आलोट।** एसडीएम आलोट रचना शर्मा ने तहसील कार्यालय के सभाकक्ष मे जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु उपलब्धता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पेट्रोल पम्प संचालको की बैठक ली। बैठक में तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित पेट्रोल पम्प संचालक उपस्थित थे।

बैठक में सभी पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने पम्पों पर स्पष्ट रूप से बैनर अथवा फ्लेक्स लगाकर पम्प पर पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक उपलब्धता प्रदर्शित करे। किसी भी पम्प पर बोतल, केन, बैरल अथवा ड्रम में पेट्रोल-डीजल का विक्रय नहीं किया जाए।

साथ ही बंद हो चुके पम्पों एवं अभी तक प्रारंभ नहीं हुए पम्पों पर सूचना पट्ट लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी देने के निर्देश दिए गए जिससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। बैठक में पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन एवं प्रत्येक तीन घंटे में स्टॉक की अद्यतन जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

उपभोक्ताओं की लाइन को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अन्य बातों को निर्देश दिए गए।

## खनन कर रेत चोरी करने वाले दो आरोपियों को 1-1 वर्ष कारावास

**जावरा।** अवैध खनन कर रेत चोरी करने वाले दो अभियुक्त को 1-1 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000-1000 रूपये जुर्माना से दंडित किया गया।

न्यायालय नानसिंह ताहेड न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी शाहरूख पिता भल्लू खां 29 वर्ष, वाहीद पिता छोटे खां 45 वर्ष दोनों व्यवसाय मजदूरी निवासी ग्राम दूधाखेडी थाना बडावदा तहसील पिपलौदा को सजा सुनाई। प्रकरण में राजेन्द्र देवडा सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि सूचनाकर्ता एमए खॉन 20 जुलाई 2020 को पुलिस थाना बडावदा में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ था। उक्त दिनांक को वह तथा हमराह आरक्षक हरदीपसिंह जाट देहांत भ्रमण पर थे, तभी गुर्जरबर्डिया बरखेडी रोड ग्राम गुर्जरबर्डिया शमशान घाट के सामने एक बिना नंबर का सोनालिका टेक्टर मय ट्रॉली जाते हुए दिखाई दिया था। उक्त वाहन को राहगीर साक्षी अकबर खां, एहसान खां के समक्ष रोककर चेक करने पर टेक्टर ट्रॉली में डबल पार्टिशन कर रेत भरी हुई पायी गई थी। उक्त वाहन के चालक का नाम पता पूछने पर शाहरूख पिता भल्लू खान निवासी ग्राम दूधाखेडी का होना बताया। उक्त टेक्टर चालक से रेत को लाने का परमिट-लायसेंस-रॉयल्टी के संबंध में सूचना पत्र देकर पूछने पर नहीं होना बताया तथा बिना अनुमति के ग्राम गुर्जरबर्डिया शमशान घाट के खाल से रेत भरकर बेचने ले जाना बताया। उक्त अभियुक्त से टेक्टर मय ट्रॉली एवं भरी हुई रेत कीमत लगभग पांच लाख रूपये साक्षीगण के समक्ष जप्त कर गिरफ्तार किया। अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। आई साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए, धारा 379 भादवि में 1-1 वर्ष कारवास एवं 1000 - 1000 रूपये जुर्माना लगाया।

**एक नजर में** — श्री हनुमान चालिसा समिति ने किया आयोजन,बालिकाओं की ढोल पार्टी और प्रभु श्रीराम की प्रतिमा रही आकर्षण का केन्द्र

# प्रभुश्रीराम की धुन में भगवामय हुआ जावरा, शोभायात्रा में उमड़े रामभक्त

नवभारत न्यूज

**जावरा।** भारत वर्ष के हर सनातनी के आराध्य प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव गुरूवार को समुचे देशभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभुश्रीराम की पुजा अर्चना के साथ ही दोपहर 12 बजे शहर के मंदिरों में प्रभु श्रीराम की महाआरती उतारी गई वहीं विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हुए।

इसी कड़ी में जावरा शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान चालिसा समिति द्वारा श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त हाथों में भगवा ध्वज लेकर जुटे। शोभायात्रा के दौरान प्रभु श्रीराम की धुन में सभी रामभक्तों ने जावरा शहर को भगवामय कर दिया। गुरूवार को



गीता भवन स्थित मंदिर पर श्री हनुमान चालिसा समिति द्वारा प्रभुश्रीराम की महाआरती उतारी गई, शोभायात्रा सांय 5 बजे गीता भवन मंदिर से प्रारंभ हुई। जो पीपली बाजार, जवाहर पथ, चुड़ी बाजार से बजाजखाना, घंटाघर चौराहा, कोठी बाजार, नीमचौक, आजाद चौक, सोमवारियां, गोवर्धननाथ मंदिर चौराहा होकर पुनः गीता भवन पहुंच समाप्त हुई।



**बालिकाओं की ढोल नगाड़ा पार्टी रही मुख्य आकर्षण**

प्रभु की शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण बालिकाओं की ढोल नगाड़ा पार्टी रही। जिसमें सभी का मन मोहा, वहीं प्रभु श्रीराम की प्रतिमा वाली झांकी भी रामभक्तों के लिए आकर्षण बनी रही। वहीं शोभायात्रा में शामिल डीजे की धुन पर प्रभु श्रीराम के भजनों पर भक्त झुमते नाचते शामिल हुए। हर और प्रभु के जयकारों के साथ हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए रामभक्तों ने अपने प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया।

**जगह जगह हुआ स्वागत:** श्री हनुमान चालिसा समिति द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ। श्रीराम भक्तों ने शोभायात्रा का कहीं पुष्प वर्षा की तो कहीं ठंडे पानी की सेवा कर स्वागत किया।